गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर सभी देशवासियों, अथक मेहनत और गहन प्लानिंग करने वाली टीम चंद्रयान के सभी वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स को बधाई दी

गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नई अंतरिक्ष नीति लाने के लिए आभार प्रकट किया

आज़ादी के अमृतकाल में हमारे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है, हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स के प्रयासों ने भारत को विश्व में गौरव दिलाने का काम किया है

चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा पर पहुंचने वाला भारत चौथा और दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है, चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में छिपे रहस्यों को उजागर करेगा

मोदी सरकार की नई स्पेस पॉलिसी के तहत पिछले एक दशक में 55 स्पेसक्राफ्ट और 50 लॉंच व्हीकल मिशन चलाए गए, भारत ने एकसाथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित करने का रिकॉर्ड बनाया, भारतप्रथम प्रयास में ही मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला पहला देश बना और आज चंद्रयान-3 मिशन को भी सफलता मिली है

मोदी सरकार द्वारा 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों से प्राइवेट प्लेयर्स को मौका मिला है और इससे हमारे मिशन को गति मिलेगी

भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र देश की महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है, जो अंतरिक्ष परियोजनाओं के लिए दुनिया के लिए लॉन्चपैड के रूप में पहचाना जाएगा

भारतीय कंपनियों के लिए अंतरिक्ष का प्रवेश द्वार खुलने से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर पैदा होंगे

प्रविष्टि तिथि: 23 AUG 2023 9:45PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने चंद्रमा पर निर्धारित समय और स्थान पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर सभी देशवासियों और अथक मेहनत और गहन प्लानिंग करने वाली टीम चंद्रयान के सभी वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स को बधाई दी है। अपने वीडियो संदेश में केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का भारत के स्पेस मिशन की कल्पना के लिए नई अंतरिक्ष नीति लाने के लिए आभार प्रकट किया।

गृह मंत्री ने कहा कि आज़ादी के अमृतकाल में हमारे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स के प्रयासों ने भारत को विश्व में गौरव दिलाने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन से भारत चंद्रमा पर पहुंचने वाला चौथा और दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। भारत का चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में छिपे रहस्यों को उजागर करेगा। उन्होने कहा कि आने वाला अमृतकाल अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भारत के भविष्य के लिए मंगलकारक है और आज का चंद्रयान-3 मिशन इसका द्योतक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन समस्त देशवासियों के लिए एक गौरव का दिन है।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार की नई स्पेस पॉलिसी के तहत पिछले एक दशक में 55 स्पेसक्राफ्ट और 50 लॉंच व्हीकल मिशन चलाए गए। साथ ही भारत ने एकसाथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित करने का रिकॉर्ड बनाया, भारत प्रथम प्रयास में ही मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला पहला देश बना और आज चंद्रयान-3 मिशन को भी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों से प्राइवेट प्लेयर्स को मौका मिला है और इससे हमारे मिशन को गति मिलेगी।

गृह मंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र देश की महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है, जो अंतरिक्ष परियोजनाओं के लिए दुनिया के लिए लॉन्चपैड के रूप में पहचाना जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों के लिए अंतरिक्ष का प्रवेश द्वार खुलने से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर पैदा होंगे।

*****

आरके / आरआर

(रिलीज़ आईडी: 1951568) आगंतुक पटल : 237

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English